प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राज्यपाल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से स्वच्छ पर्यावरण व नशामुक्त जीवन विषय पर आयोजित मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में हिमाचल सहित पड़ोसी राज्यों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सदस्य, विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी और वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजन भी बड़ी संख्या में इस आयोजन का हिस्सा बने। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध वायु से समृद्ध राज्य है। उन्होंने भावी पीढ़ियों के हित में प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर और सौंदर्य के संरक्षण पर विशेष बल दिया। राज्यपाल ने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिज मैदान पर आयोजित "मिनी मैराथन– रन फॉर ए क्लीन एनवायरनमेंट एंड ए चिट्टा–फ्री लाइफ" के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर कड़ा संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिट्टा व अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

पंजाब और हिमाचल प्रदेश बॉर्डर पर खालसा टैक्स के तनाव को लेकर मुख्यमंत्री ने फीडबैक लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे खालसा टैक्स नाका को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

विरोध

उधर लाहौल–स्पीति जिला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तांदी बाँध संघर्ष समिति ने कोकसर में प्रस्तावित चिनाब–व्यास लिंक परियोजना के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है। समिति के अध्यक्ष विनोद लारजे ने कहा कि सुरंग निर्माण और ब्लास्टिंग से जल स्रोतों, ग्लेशियरों व स्थानीय

पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं उपाध्यक्ष अरुण राणा ने ब्यास घाटी में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं का हवाला देते हुए सरकार से परियोजना पर पुनर्विचार की मांग की है।

राजीव बिंदल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सात जून को 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा राज्य भर में महाजनसंपर्क अभियान चलाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान पार्टी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाएगी। बिंदल ने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 जून को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शिमला में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

काव्य संकलन

पिछले लम्बे समय से अध्यापन के साथ साथ प्रकृति के संरक्षण से जुड़े चम्बा जिला के शिक्षक युद्धवीर टंडन और हिंग राज चिराग ने इस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। इनके प्रयासों से भगवान नामक एक साझा काव्य संकलन प्रकाशित किया गया है जिसमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर देश, प्रदेश और जिला चम्बा के कई महान कवियों के मन के उदगार प्रकाशित किए गए हैं। शिक्षक व कवि युद्धवीर टंडन ने बताया कि आज के समय में पर्यावरण को लेकर हर कोई चिंतित है और भारतीय ज्ञान दर्शन में पर्यावरण को भगवान के सम्मान माना गया है। इसी कड़ी में भगवान नमक एक साझा काव्य संकलन प्रकाशित किया गया है जिसमें 40 से अधिक कवियों ने अपने मन के उदगार प्रकट किए हैं।

आरबीआई

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पॉलिमर आधारित करेंसी नोटों का प्रस्ताव बैंक के विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अभी प्रारंभिक स्तर पर है। देश के विभिन्न हिस्सों में बैंक शाखाओं और ए.टी.एम. में नोटों की कमी को लेकर कुछ ग्राहकों ने शिकायतें की हैं। इन मुद्दों पर उन्होंने कहा कि बैंक के पास पर्याप्त नकदी है और यदि कोई कमी है तो उसे तुरंत पूरा कर दिया जाएगा।

———————————————————————————————————